कच्चे तेल की मात्रा का वर्षवार विवरण निम्नलिखित है :—

	करोड़ मिलियन टनों में
वर्ष	संसाधित क्रूड
1989–90	2.964
1990–91	2.416
1991–92	2.262

(ख) से (ङ) उत्तर-पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति में कमी होने के कारण शोधन-क्षमता का उपयोग नहीं हो पाया है । चूंकि उत्तर-पूर्व में उत्पादित समूचे क्रूड का संसाधन हो चुका है, अतः इसके कारण हानि होने का प्रश्न नहीं उठता । बरौनी रिफाइनरी की यथासंभव अधिक आपूर्ति करने के सभी प्रयास किए जाते हैं । इंडियन आयल कारपोरेशन लि० ने हल्दिया से बरौनी तक एक नई क्रूड पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ।

राजस्थान में छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित किया जाना

3017. **डा० बशारत अहमद** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित किए जाने हेतु क्या योजनायें हैं और इनके किस-किस वर्ष तक पूरी हो जाने की संभावना है ;

(ख) क्या राजस्थान में चलने वाली सभी रेलों की डीजलीकरण तथा विद्युतीकरण की कोई योजना है और यदि हां तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) बड़ी लाइनों पर चलने वाली रेलों को कोयला इंजनों द्वारा चलाया जाना कब तक पूरी तरह से समाप्त किए जाने की संभावना है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) राजस्थान के निम्नलिखित मीटर लाइन मार्गों को बड़ी लाइन में परिवर्तन के लिए पहचान की गई है :—

1. लालगढ़-बीकानेर-मेड़ता रोड
2. मेड़ता रोड—जोधपुर-जैसलमेर
3. जोधपुर-समदड़ी - मुनाबा
4. समदड़ी—भिलड़ी
5. लूनी-पारकर
6. मेड़ता रोड—फुलेरा—जयपुर
7. दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर-अहमदाबाद
8. सवाईमाधोपुर—जयपुर
9. लालगढ़—कोलायत
10. हनुमानगढ़—सरूपसर—केनालूप

इनमें से बीकानेर-मेड़ता रोड, दिल्ली रेवाड़ी और सवाईमाधोपुर जयपुर खंडों पर पहले ही कार्य प्रगति पर है । निम्नलिखित मार्गों पर चालू वर्ष के दौरान कार्य पूरा होने की संभावना है :—

1. लालगढ़-मेड़ता रोड
2. लालगढ़-कोलायत, और
3. सवाईमाधोपुर—जयपुर

उपरोक्त शेष खंडों पर कार्य आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष वर्षों में शुरू किया जाएगा । जहरहाल कार्य को पूरा होना आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ख) और (ग) रेलों ने इस शताब्दी के अंत तक भाप कर्षण को डीजल/बिजली कर्षण में बदलने की योजना बनाई है । बशर्ते धनराशि उपलब्ध हो और रेलों की उत्पादन इकाइयों में विनिर्माण की क्षमता हो ।

सतना-धवार-व्यौहारी रेल लाइन का का रीवा-धवार-व्यौहारी खंड

3018. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या रेल मंत्री 22 जुलाई, 1992 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न 213 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि उपरोक्त रेल लाइन के सतना-रीवा और रीवा-व्यौहारी खण्डों